अर्शदीप सिंह को 4 दिवसीय क्रिकेट पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए। वह गेंद को दोनों तरफ घुमाते हैं। मुझे उम्मीद है कि उनके दिमाग में टेस्ट क्रिकेट होगा. क्योंकि आप टी20 में पैसा कमाएंगे और अगर आपको विरासत छोड़नी है तो आपको ऐसा करना होगा। **–वसीम अकरम**

पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर, अर्शदीप सिंह के बारे में कहा।

खेल जगत

स्वदेश लौटने पर विश्व विजेताओं का भव्य स्वागत

पीएम मोदी ने खिलाड़ियों से मुलाकात की, पीएम भी बनें टी-20 विश्व जीतने वाली टीम का हिस्सा, भेंट में मिली 'नमो 1' की खास जर्सी



मुंबई में चैम्पियंस का विजय जुलूस, मरीन ड्राइव पर जनसैलाब, वानखेड़े स्टेडियम में सम्मान किया

मुंबई, 4 जुलाई। टी-20 विश्व कप 2024 में चैंपियन बनने के बाद टीम इंडिया का जबरदस्त तरीके से देश में स्वागत हुआ है। आज सुबह दिल्ली में वापस आने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का जबरदस्त स्वागत नई दिल्ली में हुआ। इसके बाद खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। अब खिलाड़ी मुंबई में हैं। मुंबई में भी खिलाड़ियों का जबरदस्त तरीके से स्वागत किया गया। मुंबई में मरीन ड्राइव पर विजय जुलूस निकाला गया।

इसमें हजारों फैंस जबरदस्त तरीके से शामिल रहे। विश्व विजेता खिलाड़ी बस पर खड़े थे और लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। साथ ही साथ वह लोगों को विश्व कप के ट्रॉफी दिखा रहे थे और हाथों में तिरंगा लहरा रहे थे। खिलाड़ी पूरी तरीके से उत्साह में थे, उमंग में थे और लोगों के साथ खुद भी झूम रहे थे।

क्रिकेट टीम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात की है। टी20

विश्व विजेता टीम बनने के बाद भारतीय टीम ने दिल्ली में लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। इस दौरानभारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके आवास पर जाकर नमो 1 जर्सी भेंट की। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर रोजर बिन्नी और जय शाह की पीएम मोदी को भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी भेंट करते हुए एक तस्वीर साझा की, जिसके साथ कैप्शन में लिखा है, ''विजयी भारतीय क्रिकेट टीम ने आज आगमन पर भारत के माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदीजी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। सर, हम आपके प्रेरक शब्दों को प्रदान किए गए अमूल्य समर्थन के लिए आपका हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। जय हिंद।'' इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में विश्व कप विजेता टीम के साथ बातचीत भी की थी। उन्होंने इस बैठक के दौरान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्यों के साथ बातचीत की। टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम राष्ट्रीय राजधानी पहुंची, जहां प्रशंसकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया, जो अपने पसंदीदा खिलाड़ियों और ट्रॉफी की एक झलक पाने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

वानखेड़े स्टेडियम विश्व विजेताओं के सम्मान में बड़ा कार्यक्रम रखा गया है। जय शाह पहले ही 125 करोड़ रुपए इनाम की घोषणा कर दी है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह भी मौजूद रहे। साथ ही साथ बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी साथ रहे। मरीन ड्राइव पर विक्ट्री परेड में सुरक्षा व्यवस्था भी मजबत रखी गई है। खुद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। लोगों का जबरदस्त हुजुम हैं, जैनसैलाब पूरी तरीके से उमड़ा हुआ है। वानखेड़े स्टेडियम में भी जबरदस्त जन सैलाब है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई पुलिस आयुक्त को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि मरीन ड्राइव और वानखेड़े स्टेडियम में एकत्र हुए भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के लिए यातायात का कोई कुप्रबंधन या असुविधा न हो। सीएम द्वारा पुलिस को आज मरीन ड्राइव और उसके आसपास उचित भीड़ और यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम बृहस्पतिवार को विशेष विमान से स्वदेश लौट आई। लगातार बूंदाबादी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हवाई अड्डे पर प्रशंसकों ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया जिसके बाद टीम के सदस्यों ने नाश्ते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी पुहंची विंबलडन के अगले दौर में

लंदन, 4 जुलाई। भारत के दिग्गज खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल मुकाबले में नीदरलैंड के रोबिन हास और सैंडर एरेंड्स की जोड़ी को हराकर दूसरे दौर में पहुंच गये है। बुधवार को बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी ने एक घंटे 11 मिनट तक चले वर्षा बाधित पहले दौर के मुकाबले में नीदरलैंड की जोड़ी को 7-5, 6-4 से हराकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया है। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी तीसरे दौर में हेंड्रिक जेबेंस और कॉन्सटेंटिन फ्रेंटजन की जर्मनी की जोड़ी से मुकाबला करेगी। इससे पहले दिन के एक अन्य मैच में भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल और सार्बिया डुसान लाजोविच की जोड़ी को विम्बलडन टेनिस में पुरुष युगल स्पर्धा के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा था।

क्वार्टरफाइनल मुकाबले हुए तय, पुर्तगाल का होगा फ्रांस की टीम से सामना

नीदरलैंड ने रोमानिया को 3-0 से हराया

नई दिल्ली, 4 जुलाई। नीदरलैंड्स की टीम ने यूरो कप 2024 के राउंड ऑफ 16 में रोमानिया की टीम को 3-0 से हराने के साथ क्वार्टर फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया। अब नीदरलैंड टीम का क्वार्टर फाइनल में सामना टर्की की टीम से होगा। यूरो कप में सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए होने वाले इस राउंड के मैचों की शुरुआत 5 जुलाई से होगी। वहीं इस बार यूरो कप की मेजबानी कर रही जर्मनी टीम का सामना यूरो कप में स्पेन की टीम से होगा। इस बार दूसरा क्वार्टर फाइनल काफी रोमांचक होने वाला है जिसमें क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल की

टीम एमबापे की फ्रांस से खेलेगी जिसमें ये मैच 5 जुलाई को खेला जाएगा। पुर्तगाल की टीम को राउंड ऑफ 16 में स्लोवेनिया की टीम से जीत हासिल करने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा था।

यूरो कप 2024 में क्वार्टर फाइनल का शेड्यूल इस प्रकार है। पहला क्वार्टर फाइनल स्पेन बनाम जर्मनी - 5 जुलाई 2024, भारतीय समयानुसार रात 9:30 पर, दूसरा क्वार्टर फाइनल पुर्तगाल बनाम फ्रांस - 6 जुलाई 2024, भारतीय समयानुसार देर रात 12:30 पर, तीसरा क्वार्टर फाइनल इंग्लैंड बनाम स्विट्जरलैंड - 6 जुलाई 2024, भारतीय समयानुसार रात 9:30 पर, चौथा क्वार्टर फाइनल नीदरलैंड बनाम टर्की - 7 जुलाई 2024, भारतीय समयानुसार देर रात 12:30 पर होगा।

वानखेड़े में हार्दिक-हार्दिक के नारे, कुछ महीने पहले इसी मैदान पर हुई थी हूटिंग

वानखेड़े,4 जुलाई। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम के हीरो रहे स्टार ऑलराउंर हार्दिक पंड्या के लिए पिछले कई महीने उतार-चढ़ाव के रहे। वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बीच में ही चोटिल होने के बाद टूर्नामेंट से बाहर होना और फिर आईपीएल 2024 में वापसी हार्दिक पंड्या के लिए आसान नहीं रही। इसके बाद आईपीएल 2024 में हार्दिक पंड्या को रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस की कप्तानी मिलना और फैंस का लागातार उनके खिलाफ हूटिंग और उन्हें ट्रोल करना जारी रहा। फैंस आईपीएल 2024 में हार्दिक पंड्या से काफी नाराज थे जिस कारण देश का कोई भी मैदान अछूता नहीं रहा जहां हार्दिक पंड्या को लेकर हूटिंग नहीं हुई। वहीं मुंबई इंडियंस के होम ग्राउंड वानखेड़े स्टेडियम में भी हार्दिक को फैंस की नाराजगी झेलनी पड़ी।

लेकिन दो महीने बाद वक्त बदला, हालात भी बदले और वही फैंस आज वानखेड़े स्टेडियम में हार्दिक-हार्दिक के नाम के नारे लगा रहे हैं। टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को स्पेश चार्टर विमान से स्वदेश लौट आई है। जिसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच टीम इंडिया पहले पीएम मोदी से दिल्ली में उनके आवास पर मिली और साथ ही ब्रेकफास्ट भी किया। उसके बाद भारतीय टीम मुंबई के लिए निकल गई और अब मुंबई पहुंच भी गई है। इसके साथ ही खुली बस में विजय परेड होगी और फिर वानखेड़े स्टेडियम में सम्मान समारोह होगा। मुबंई में परेड शुरू होने से पहले हार्दिक-हार्दिक की आवाज से स्टेडियम गूंज उठा है। कुछ महीने पहले ही इसी जगह पर हार्दिक को हूटिंग का सामना करना पड़ा था। लेकिन अब वक्त बदल गया है और फैंस अपने चहेते खिलाड़ी के दीदार के लिए बारिश में भी खड़े हुए हैं।

कार्यालय नगर परिषद, टोंक

क्रमांक :- न.प. टोंक/निर्माण/2024-25 दिनांक :-

ई-निविदा सूचना संख्या-3/2024-25

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर परिषद टोंक में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में एए व ए श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित पपत्र में ई प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य	अनुमानित लागत (लाखों में)	धरोहर राशि रु. में 2%	1/2%	निविदा शुल्क	प्रोसेसिंग फीस	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	वार्ड नं. 01 से 60 तक विभिन्न स्थानो पर सीसी पेचवर्क निर्माण कार्य।	25.00	50000	12500	500	500	8 माह
2	अग्नि शमन कार्यालय में मिटिंग हॉल के उपर रिकोर्ड रूम निर्माण कार्य।	11.00	22000	6500	500	500	4 माह
3	नगर परिषद क्षेत्र में नवीन शौचालय निर्माण कार्य एवं परिषद की सम्पत्ति की मरम्मत कार्य व मिटिंग हॉल की मरम्मत कार्य।	17.00	34000	8500	500	500	6 माह
4	नगर परिषद क्षेत्र में वार्ड नं. 01 से 30 तक पटटी एवं फेरोकंवर डालने का कार्य।	20.00	40000	10000	500	500	8 माह
5	नगर परिषद क्षेत्र में वार्ड नं 31 से 60 तक पटटी एवं फेरोकंवर डालने का कार्य।	20.00	40000	10000	500	500	8 माह
6	नगर परिषद क्षेत्र में वार्ड नं. 01 से 30 तक शौचालय व मुत्रालय की मरम्मत एवं नवीन निर्माण कार्य।	15.00	30000	7500	500	500	8 माह
7	नगर परिषद क्षेत्र में वार्ड नं. 01 से 60 तक विभिन्न स्थानों पर डामरीकरण पेच मरम्मत कार्य।	15.00	30000	7500	500	500	8 माह
8	नगर परिषद क्षेत्र में वार्ड नं. 31 से 60 तक शौचालय व मुत्रालय की मरम्मत एवं नवीन निर्माण कार्य।	15.00	30000	7500	500	500	8 माह
9	नगर परिषद क्षेत्र में नेहरू पार्क में 100 फिट के लिए तिरंगा सप्लाई कार्य।	5.00	10000	2500	500	500	12 माह
10	हाउसिंग बोर्ड में सफाई कार्य के दौरान आवासन मण्डल की टूटी हुई दिवार की मरम्मत एवं नाला मरम्मत कार्य।	7.00	14000	3500	500	500	4 माह
11	वार्ड नं. 01 से 60 तक विभिन्न स्थानों पर नाली मरम्मत एवं नाली क्रॉस लगाने का कार्य।	20.00	40000	10000	500	500	8 माह
12	वार्ड नं. 01 से 60 तक विभिन्न स्थानों पर स्पीड ब्रेकर लगाने का कार्य।	10.00	20000	5000	500	500	8 माह
13	नगर परिषद क्षेत्र में विभिन्न स्थानो पर ट्री गार्ड लगाने एवं फिक्सीग करने का कार्य।	10.00	20000	5000	500	500	12 माह
14	नगर परिषद क्षेत्र में वार्ड नं. 01 से 60 तक में विभिन्न स्थानों पर आरसीसी बैंच लगाने का कार्य।	20.00	40000	10000	500	500	8 माह
15	नगर परिषद क्षेत्र मे वायर फेन्सिंग करने का कार्य का खसरा नं. 6205 मे कार्य।	34.39	68780	17195	500	500	2 माह
16	नगर परिषद क्षेत्र में स्थित एमआरएफ प्लांट का रखरखाव कार्य (वार्षिक अनुबंध)	7.92	15840	3960	500	500	12 माह
17	नगर परिषद क्षेत्र में स्थित पेशाब घरों एवं सुलभ शौचालयों की नियमित सफाई एवं रखरखाव कार्य। (वार्षिक अनुबंध)	30.63	61260	15315	500	500	12 माह
18	नगर परिषद क्षेत्र में स्थित पटेल सर्किल, अम्बेडकर सर्किल, हेमू सर्किल, नेहरू पार्क में म्युजिकल सिस्टम फव्वारे चलाने व बन्द करने व रखरखाव करने का कार्य।	5.00	10000	2500	500	500	12 माह

(ममता नागर)
आयुक्त
नगर परिषद, टोंक

(अली अहमद)
सभापति
नगर परिषद, टोंक

निविदा पपत्रों को वेब साईट : http://www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इन निविदाओं में भाग लेने वाले संवेदक निविदा को इलेक्ट्रोनिक फारमेट में वेबसाईट : http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर जमा कराएँ।

1. 1 निविदा प्रोसेसिंग शुल्क, निविदा शुल्क एवं अमानत राशि निम्न प्रकार से जमा करवाकर Transaction Id सहित बैंकस्टेटमेंट की प्रति ऑनलाईन अपलोड करनी होगी।

क्रसं.	भुगतान का प्रकार	RTGS/NEFT	
1	निविदा शुल्क	ICICI Bank Account Number 680105017605 IFSC Code :- ICIC0006801 (आयुक्त नगर परिषद टोंक) ऑन लाईन अपलोड किये गये दस्तावेज व पंजीयन प्रमाण पत्र की हार्ड कॉपी दिनांक 15.07.24 को दोपहर 1.00 बजे तक निर्माण शाखा नगर परिषद टोंक में जमा कराना होगा इसके अभाव में निविदा नहीं खोली जावेगी।	रिफण्ड योग्य नहीं
2	प्रोसेसिंग शुल्क		रिफण्ड योग्य नहीं
3	धरोहर राशि		रिफण्ड योग्य है।

2 यदि संवेदक का नजदीकी रिश्तेदार (प्रथम रक्त सम्बन्धी व उनके पति/पत्नि), नगर परिषद टॉक के जनप्रतिनिधि कार्य से सम्बन्धित नगर परिषद अथवा अधीनस्थ कार्यालय में खण्डीय लेखाकार अथवा सहायक अभियन्ता से लेकर अधिशाषी अभियंन्ता स्तर का किसी भी स्तर पर पदस्थापित हो तो उसके कार्य पर नियुक्त करने पर प्रतिबन्ध रहेगा।

3 राज्य सरकार में किसी भी अभियांत्रिकी विभाग में किसी भी इंजीनियर अथवा इंजीनियरिग या प्रशासनिक कार्य पर नियुक्त राजपत्रित अधिकारी राज्य सरकार की अनुमति के बिना सेवा निवृति के 2 वर्ष तक संवेदक अथवा उसके कर्मचारी के रूप में कार्य नहीं कर सकेंगें। यदि संवेदक अथवा उसके कर्मचारियों में कोई ऐसा व्यक्ति जिसने राज्य सरकार की उक्त लिखित अनुमति निविदा जमा कराने से पहले अथवा संवेदक के यहाँ सेवाऐं लेने से पहले अनुमति नहीं ली है तो अनुबन्ध रद्द किया जा सकेगा।

4 निविदा प्रपत्रों हेतु डाउनलोड की अवधि दिनांक 5/07/24 से दिनांक 13/07/24 को सायः 6:00 बजे तक होगी

5 (अ) निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रानिक फोरमेट में वेब साईट : http://eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 13/07/24 को साय 6:00 बजे तक जमा कराये जा सकते है, एवं प्राप्त निविदाएँ, इलेक्ट्रॉनिक फॉरमेट में वेबसाईट : http://eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 15/07/24 को दोपहर 4:00 बजे तक खोली जावेगी।
(ब) निविदा जमा करवाने के बाद निविदा की समस्त प्रक्रिया ऑन लाईन होगी।
(स) निविदा खोलने की तिथि को किसी कारणवश यदि निविदायें नहीं खोली जा सकती है तो उसके अगले कार्य दिवस पर निविदायें खोलने का कार्य जारी रखा जायेगा।

6 किसी भी निविदा को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है। आर. पी. डब्ल्यू ए-100 की समस्त शर्ते मान्य होगी।

7 संवेदक द्वारा उक्त कार्यों के लिए निर्धारित मशीनरी जो निविदा कि स्पेशल कंडीशन में वर्णित है, को स्वयं के पास होने या किराये पर लेने का प्रमाण-पत्र देना होगा।

8 कार्य पूर्ण करने की अवधि में मानसून अवधि सम्मिलित है एवं अगर कार्य में ली गई BSR से दरों में कोई भिन्नता पायी जाती है तो उस आईटम की दर BSR अनुसार देय होगी।

9 संवेदक द्वारा कार्य के दौरान मौके पर गुणवत्ता जॉच की आवश्यकता होने पर स्वयं के हर्जे खर्चे पर टेस्ट लेब लगानी होगी।

10 संवेदक द्वारा राज्य सरकार से अनुमोदित /पंजीकृत प्रयोगशाला से कार्य की टेस्टिंग रिपोर्ट प्रस्तुत करने के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।

11 कार्य का दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरीयड) का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा।

12 निविदा में कार्य संख्या 17 में नगर पालिका/परिषद में शौचालय / मुत्रालय सफाई करने का 10 वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

13 निविदा में कार्य संख्या 17 के लिए पालिका/परिषद में शौचालय / मुत्रालय सफाई कार्य की रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

14 ई-टेन्डरिग के लिए निविदा दाता हेतु निर्देश :-
अ- इन निविदाओं में दिलचस्पी लेने वाले निविदादाता निविदा पपत्रों का इन्टरनेट साईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड (Download) कर सकते है।
ब- निविदाओं में भाग लेने वाले निविदादाताओं को इन्टरनेट साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर करवाना होगा। ऑन लाइन निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सार्टिफिकेट इनफोरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 के तहत प्राप्त करना होगा जो इलेक्ट्रोनिक निविदा में साइन करने हेतु काम आयेगा। निविदादाता उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सीसीए (CCA) द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते है। जिनके पास पूर्व सर्टिफिकेट है, उनको नया डिजिटल सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नहीं है।
स- प्रपत्र निविदादाताओं को निविदा इलेक्ट्रोनिक फार्मेट में उपरोक्त वेबसाइट पर डिजिटल साइन के साथ प्रस्तुत करना होगा। जिसके प्रस्ताव डिजिटल साइन के साथ नहीं होंगे, उनके प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेगें। कोई भी प्रस्ताव अकेले भौतिक फार्म में स्वीकार्य नहीं होगा।
द- ऑन लाइन निविदाएँ निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपरोक्त क्रम संख्या-5 के अनुसार खोली जायेगी।
य- इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रपत्रों को जमा कराने से पूर्व निविदादाता यह सुनिश्चित कर लेवे की निविदा प्रपत्रों से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्केन कॉपी निविदा प्रपत्र के साथ अटेचकर दी गयी है।
र- कोई भी टेंडर इलेक्ट्रोनिकी जमा कराने में किसी कारण से लेट हो जाता है तो उसका जिम्मेदार विभाग नहीं होगा।
ल- टेंडर के प्रपत्रों में आवश्यक सभी सूचियों को संपूर्ण रूप से भरकर ऑन लाईन दर्ज करे।

आयुक्त
नगर परिषद टोंक